# भूस्खलन, गड्ढे, धूल और अधूरे काम लेंगे गंगोत्री-यमुनोत्री सफर की अग्निपरीक्षा

**चिरंजीव सेमवाल**

**उत्तरकाशी।** चारधाम यात्रा के लिए तैयारियां जोरों पर हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि तीर्थयात्रियों के लिए डगर अभी भी आसान नहीं है। गंगोत्री हाईवे पर धरासू, नालूपाणी, रतूड़ी सेरा, नैताला, लालढांग, लिम्चयागाड पुल भी संकरी सड़क के कारण यात्रा में बाधा डाल रहा है।

विशेषकर धराली और सोनगाड के पास सड़क और नदी का स्तर लगभग बराबर हो गया है, जिससे सुधार एवं सुरक्षा कार्य अति आवश्यक हैं। गंगनानी से भैरव घाटी तक सड़क संकरी होने और गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर डामरीकरण अधूरा होने के कारण यात्रियों को दिक्कतें हो रही हैं। उधर डबरानी, धराली, आदि के कइ हिस्से में लैंडस्लाइड जोन, सड़क की खराब स्थिति और धूल-मिट्टी श्रद्धालुओं की मुश्किलें बढ़ा सकती हैं। उधर यमुना वैली में डामटा से लेकर नौगांव, सरूखेत और पाली गाड़, से जानकीचट्टी चल रहे सड़क चौड़ीकरण से गड्ढे, धूल, भूस्खलन समेत बीते वर्ष के आपदा से सिलाई बैंड़, स्याना चट्टी समेत, जंगल चट्टी में एक बरसात भूस्खलन ला सकती है। ऐसे में शासन प्रशासन की चारधाम यात्रा की तैयारियां नाकाफी साबित हो सकती है।



■ गंगोत्री-यमुनोत्री मार्गों की बदहाल स्थिति, यात्रियों की बढ़ेंगी मुश्किलें

गौरतलब है कि आगामी 19 अप्रैल को गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने वाले हैं, लेकिन इससे पहले ही धरासू से धराली भूस्खलन सक्रिय आधा दर्जन से अधिक स्थान का सफर यात्रियों की अग्नि परीक्षा लेगा। सड़क मार्ग पर उड़ता धूल का गुबार नई चुनौती है। दशकों से संवेदनशील बना डबरानी इस बार भी यात्रियों की मुश्किलें बढ़ाने वाली है।

बता दें कि भूस्खलन जोन के ट्रीटमेंट के लिए करोड़ की स्वीकृति मिलने के बावजूद अब तक ट्रीटमेंट नहीं हो सका। हालिया बारिश के बाद यहां सड़क पर मलबा और दलदल की स्थिति बनी है, जो यात्रा के दौरान फिर खतरा बनेगी। उधर यमुनोत्री धाम के भी 4 सक्रिय भूस्खलन जोन हैं। यहां सड़क उबड़-खाबड़ है और गड्ढों से भरी हुई है। डामटा और पाली गाड़ से जानकीचट्टी के बीच निर्माणाधीन सड़क चौड़ीकरण कार्य अधूरा है और पहाड़ी कटान जारी है। ऐसे में साफ है कि प्रशासन की तैयारियां अभी अधूरी हैं और चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को इस बार भी कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

## चारधाम यात्रा से पहले पर्यटन विभाग का सख्त निर्देश

**रुद्रप्रयाग।** चारधाम यात्रा 2026 को सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन रुद्रप्रयाग ने यात्रा मार्ग पर संचालित सभी होटल, लॉज, रिसॉर्ट, धर्मशाला और होमस्टे संचालकों के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यात्रा शुरू होने से पहले सभी आवासीय इकाइयों को अपनी दरें जिला पर्यटन कार्यालय रुद्रप्रयाग से अनिवार्य रूप से स्वीकृत करानी होंगी। बिना स्वीकृति के दरें तय करना या मनमाने तरीके से शुल्क वसूलना अब संभव नहीं होगा। जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे ने जानकारी देते हुए बताया कि केदारनाथ धाम यात्रा अवधि के दौरान यदि कोई भी होटल या होमस्टे स्वीकृत दरों से अधिक शुल्क वसूलते हुए पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी संचालकों के लिए उत्तराखंड पर्यटन विभाग के आधिकारिक पोर्टल पर पंजीकरण कराना भी अनिवार्य किया गया है।

## रवांई घाटी में ओलावृष्टि का कहर बागवानों व किसानों की फसलें रौंदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरोला।** जनपद की रवांई घाटी में शनिवार तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि ने किसानों और बागवानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। ओलावृष्टि से सेब, नाशपाती, आड़ू और सब्जी नगदी फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है, जिससे क्षेत्र के कास्तकार गहरे संकट में आ गए हैं।

■ सेब, नाशपाती, आड़ू और सब्जी फसलों को भारी नुकसान

शनिवार दोपहर हुए ओलावृष्टि से मोरी, पुरोला, नौगांव और बड़कोट क्षेत्र के कई गांवों में हुई ओलावृष्टि ने तैयार हो रही फसलों को पूरी तरह बर्बाद कर दिया। पेड़ों पर लगे फल झड़ गए, वहीं खेतों में खड़ी सब्जियां भी ओलों की मार से नष्ट हो गईं। किसानों का कहना है कि इस बार मौसम की मार ने उनकी सालभर की मेहनत छीन ली है।

स्थानीय बागवानों के अनुसार सेब और अन्य फलदार पौधों में इस समय फूल और छोटे फल आ रहे थे, ऐसे में ओलावृष्टि ने उत्पादन पर सीधा असर डाला है। पोरा गांव के पूर्व प्रधान सुदामा बिजल्वाण ने बताया कि दर्जनों किसानों ने कर्ज लेकर खेती और बागवानी की थी, लेकिन अब नुकसान के बाद उनकी आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है। स्थानीय बागवान प्रदीप कलूडा, विनोद रावत, कपिल रतूड़ी, रामप्रसाद, विनोद रतूड़ी, जशवीर, श्याम लाल, जगदीश रतूड़ी, विजेंद्र रावत, अमीन सिंह और गोपाल भंडारी ने का कहना है कि सरकार और प्रशासन को जल्द से जल्द क्षेत्र का सर्वे कराकर उचित मुआवजा देना चाहिए। साथ ही फसल बीमा योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू करने की भी मांग उठ रही है, ताकि भविष्य में ऐसी आपदाओं से किसानों को राहत मिल सके।

## शोध प्रस्ताव एवं सिनॉप्सिस निर्माण को लेकर दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग एवं भौतिक विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 10 दिवसीय आईसीएसएसआर प्रायोजित शोध पद्धति कार्यशाला के चौथे दिन शोध प्रस्ताव एवं सारांश (सिनॉप्सिस) निर्माण सहित आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यशाला के प्रथम सत्र में प्रो. संजय कुमार सिन्हा द्वारा शोध प्रस्ताव एवं सारांश (सिनॉप्सिस) निर्माण विषय पर विस्तारपूर्वक व्याख्यान दिया गया। इस दौरान एक प्रभावी शोध प्रस्ताव तैयार करने की प्रक्रिया को स्पष्ट करते हुए शोध समस्या की पहचान, उद्देश्यों की स्पष्टता, उपयुक्त कार्यप्रणाली तथा अपेक्षित परिणामों के मध्य संतुलन बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया। इस मौके पर अपने शोध विचारों को संक्षिप्त, स्पष्ट एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए जाने के बारे में बताया। सत्र में शोध रिपोर्ट लेखन के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की गई। जिसमें अध्यायों का सुव्यवस्थित संगठन, शैक्षणिक लेखन शैली तथा शोध कार्य में तार्किक प्रवाह बनाए रखने के तरीकों को विस्तार से समझाया गया।



द्वितीय सत्र में शोध रिपोर्ट एवं शोध लेख विषय पर एक प्रायोगिक (हैंड्स-ऑन) सत्र आयोजित किया गया। मौके पर प्रो. अमित कुमार जायसवाल द्वारा शोध नैतिकता एवं सत्यनिष्ठा, साहित्यिक चोरी (प्लेगरिज्म) तथा बौद्धिक संपदा अधिकार अधिनियम: भारतीय उच्च शिक्षण संस्थानों में चुनौतियाँ एवं विचार विषय पर व्याख्यान एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान शोध में नैतिक मूल्यों, मौलिकता बनाए रखने तथा बौद्धिक संपदा अधिकारों के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला गया। मौके पर डॉ. देवेंद्र सिंह, सह-निदेशक डॉ. आलोक सागर गौतम सहित आदि मौजूद थे।

## मानदेय बढ़ाने को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का कार्य बहिष्कार शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कीर्तिनगर।** कीर्तिनगर ब्लॉक में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं एवं मिनी कर्मचारियों ने मानदेय बढाये जाने की मांग को लेकर शनिवार को कार्यबहिष्कार किया। इस दौरान उन्होने सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि यदि जल्द सरकार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय को नहीं बढ़ती है तब तक आंगनबाड़ी केंद्रों में तालाबंदी कर बीएलओं के कार्यो को भी नहीं करने का फैसला लिया।

■ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने सरकार के खिलाफ रोष जताया

मौके पर उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर को सौंपे ज्ञापन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, सेविका, मिनी कर्मचार संगठन की ब्लॉक अध्यक्ष नीलम नेगी ने कहा कि उत्तराखंड आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, सेविका, मिनी कर्मचारी संगठन के द्वारा 14 मार्च को विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश स्तरीय रैली आयोजित की गई थी, जिसमें मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाना था।

कहा कि सरकार और प्रशासन की ओर से उनका मानदेय नहीं बढ़ाया जाता है तो वे अपने-अपने केंद्रों पर केवल उपस्थिति दर्ज कराएंगी, लेकिन पोषण ट्रैकर सहित अन्य कोई कार्य नहीं करेंगी। ज्ञापन देने वालों में बसंती देवी, उमा देवी, पुष्पा देवी, रीना देवी, संगीता देवी, दीपा देवी सहित आदि मौजूद थें।

## पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** विगत 01 अप्रैल को कोटद्वार निवासी द्वारा कोतवाली कोटद्वार में एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया जिसमें उनके द्वारा अंकित किया गया कि उनकी 16 वर्षीय पुत्री 31 मार्च 2026 को प्रात: 10 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई है तथा अभी तक घर वापस नहीं लौटी। इस सूचना के आधार पर कोतवाली कोटद्वार में अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया।

प्रकरण नाबालिग बालिका से संबंधित होने के कारण वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी सर्वेश पंवार द्वारा अपनाई गई जीरो टॉलरेंस नीति के क्रम में ऐसे प्रकरणों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई हेतु स्पष्ट निर्देश निर्गत किए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक कोटद्वार प्रदीप नेगी के नेतृत्व में अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु अलग-अलग पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीमों ने बिना समय गंवाए मामले में गहन छानबीन शुरू की गई, उक्त प्रकरण में तथ्यों की पुष्टि होने पर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी। टीमों द्वारा की गई त्वरित कार्यवाही, कुशल पतारसी - सुरागरसी व अथक प्रयासों के फलस्वरूप आरोपी कृष्णा भट्ट उर्फ कान्हा, उम्र-18 वर्ष, निवासी- ब्रह्मपुरी बालासौड़, कोटद्वार व विमल रावत उर्फ हन्नी, उम्र-21 वर्ष, निवासी हल्लोवाली जाफरा, थाना रामपुर, जनपद बिजनौर को रात्रि को लंगासू, जनपद- चमोली से गिरफ्तार किया गया साथ ही नाबालिग बालिका को भी सकुशल बरामद किया गया।

■ नाबालिग बालिका को किया सकुशल बरामद

बरामदगी के उपरांत पूछताछ में पीड़िता द्वारा बताया गया कि अभियुक्तगण कृष्णा भट्ट एवं विमल रावत द्वारा उन्हें कोटद्वार के होटल में ले जाया गया, जहां उनके द्वारा कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर दुष्कर्म किया गया। पीड़िता के बयान तथा मेडिकल परीक्षण के आधार पर अभियोग में धारा 70(2) बीएनएस एवं 3/4/5(जी)/6 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गई है। गिरफ्तारशुदा दोनों अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## चिन्यालीसौड़ पालिका सभासदों का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिन्यालीसौड़।** नगर पालिका परिषद चिन्यालीसौड़ में सभासदों ने उनकी अनदेखी करने के आरोप में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। शनिवार को सभासदों ने अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी पर आरोप लगाया कि उनके द्वारा पालिका से मांगी गई सूचना न दिए जाने पर धरना प्रदर्शन शुरू किया गया। जबकि पालिकाध्यक्ष मनोज कोहली श्याम ने ने उनके सभी आरोपों को से नकारते हुए बताया कि सभी सूचनाओं को उनके द्वारा सोशल मीडिया में डाल दिया गया था। सभासदों ने बताया कि उनकी 7 मांगे है जिनमें 7 फरवरी 2025 से आज तक हुए निर्माण कार्यों की खरीदी गई सामग्रियों की उच्च स्तरीय जांच हो, अधिशासी अधिकारी का स्थानरण, सभी कार्यों को सार्वजनिक किया जाए, बोर्ड और समितियों की कार्यवाही पारदर्शी हो सभासदों के अधिकारों की सुरक्षा हेतु लिखित आदेश हो अध्यक्ष की वित्तीय शक्तियों को सीज किया जायेंगें कहा मांग पूरी न होने तक धरना प्रदर्शन दिन रात चलेगा।

■ सभासदों ने अनदेखी का लगाया आरोप

## वार्षिकोत्सव में चला प्रियंका मेहर के सुरों का जादू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज कॉलेज में आयोजित वार्षिकोत्सव गूंज में प्रसिद्ध गायिका प्रियंका मेहर के सुरों का जादू दर्शकों के सिर चढ़ कर बोला। देर रात तक छात्र छात्राएं और अभिभावक प्रियंका के मन मोहक गीतों पर थिरकते रहे।

शुक्रवार शाम कॉलेज परिसर में आयोजित वार्षिकोत्सव का कॉलेज के प्रबंध निदेशक बीएस नेगी ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

■ गीतों पर थिरके छात्र-छात्राएं और अभिभावक

प्रतिवर्ष छात्रों के मनोरंजन के लिए इसी प्रकार के बड़े आयोजन किए जाएंगे। कॉलेज के रॉयल ग्रीन मैदान में आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत गढ़वाल राइफल्स के संस्थापक लॉट सुबेदार बलभद्र सिंह नेगी की जीवनी पर आधारित वीडियो से हुआ। इसके बाद मंच का संचालन उत्तराखंड की प्रसिद्ध गायिका प्रियंका मेहर की टीम को सौंप दिया गया। प्रियंका मेहर को देखने और सुनने के लिए कॉलेज का रॉयल ग्रीन मैदान छात्रों और अभिभावकों से खचा खच भर गया। प्रियंका मेहर ने जैसे ही अपने चिर परिचित अंदाज में अपने गीतों की शुरुआत की वैसे ही समारोह में रंगत छा गई। मंच के दाईं ओर छात्र छात्राएं एकत्र हो गए और गीतों पर मदहोश होकर नाचने लगे। छात्रों के जुनून को देखते हुए कॉलेज के प्राध्यापकों को व्यवस्था संभालनी पड़ी। लेकिन प्रियंका मेहर के गीतों का जादू इतना तेज था, कि छात्र उनसे संभले नहीं। जिसपर पुलिस ने हस्तक्षेप करते हुए व्यवस्थाएं बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। गायिका प्रियंका मेहर ने गढ़वाली, कुमांउनी और हिंदी गीतों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति से छात्र छात्राओं और अभिभावकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंध निदेशक बीएस नेगी, कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी, निदेशक प्रबंधन लेफ्टिनेंट कर्नल बीएस गुसाईं, प्रचार्य डॉ अश्वनी शर्मा, जनसंपर्क अधिकारी नरेश थपलियाल, कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष अनुराग सेमवाल, मैनेजमेंट विभागाध्यक्ष सुरेंद्र जगवान, बीरेंद्र आर्य, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड हर्षपाल सिंह रावत, आईक्यूएससी इंचार्ज डॉ प्रवीन त्रिपाठी, एडमिशन इंचार्ज विजय पंत सहित कॉलेज के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक नजर .......

### जिले के प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा आज से रहेंगे जनपद भ्रमण पर

**उत्तरकाशी।** कैबिनेट मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा रविवार अप्रैल से 08 अप्रैल तक जनपद भ्रमण पर रहेंगे।

कार्यक्रमानुसार के अनुसार राज्य के पशुपालन, दुग्ध विकास, मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, प्रोटोकाल, कौशल विकास एवं सेवायोजन एवं प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा रविवार को डामटा, नौगांव, मोरी, फीताड़ी में कार्यकर्ताओ और जनप्रतिनिधियो के साथ भेंटख्रवार्ता और बैठक करेंगे। 06 अप्रैल को मोरी, पुरोला, बड़कोट, ब्रह्मखाल और चिन्यालीसौड़ में कार्यकर्ताओ और जनप्रतिनिधियो के साथ भेंटख्रवार्ता और बैठक करेंगे।

07 अप्रैल को डुंडा में कार्यकर्ताओ और जनप्रतिनिधियो के साथ भेंटख्रवार्ता और बैठक करने के पश्चात् 11:45 बजे जोशियाडा पहुंचकर आई.टी.आई. भवन का लोकार्पण कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। अपराह्न 13:45 बजे श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन करने के पश्चात् 15:00 बजे जिला सभागार उत्तरकाशी में चारधाम यात्रा विषयक संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। 08 अप्रैल को प्रात: 08:00 बजे देहरादून के लिए प्रस्थान करेंगे।

### ऑनलाइन गैस बुकिंग अनिवार्य, अब लाइनों में नहीं लगेंगे उपभोक्ता: डीएम

**उत्तरकाशी।** जिलाधिकारी प्रशान्त आर्य ने शनिवार को गैस एजेंसियों की बैठक लेते हुए घरेलू गैस वितरण को अधिक पारदर्शिता और सुव्यवस्थित बनाने के कड़े निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि गैस उपभोक्ताओं की सहूलियत के लिए ऑनलाइन गैस बुकिंग को अनिवार्य रूप से लागू किया जाए और गैस वितरण होम डिलेवरी से ही सुनिश्चित किया जाए। ताकि उपभोक्ता को अनावश्यक रूप से लाइनों में न लगना पड़ें। जिलाधिकारी ने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि एलपीजी गैस की कालाबाजारी,अवैध भंडारण अथवा वाणिज्यिक उपयोग में घरेलू सिलेंडरों के दुरुपयोग की किसी भी स्थिति को गंभीरता से लिया जाएगा। ऐसी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी गैस एजेंसियों को निर्देशित किया कि गैस वितरण प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखते हुए शत-प्रतिशत होम डिलीवरी सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि जिन क्षेत्रों में नेटवर्क समस्या के कारण ऑनलाइन बुकिंग संभव नहीं हो पा रही है वहां संबंधित गैस एजेंसियां वैकल्पिक व्यवस्था विकसित करें, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में इंडियन गैस,भारत गैस,एचपी गैस के प्रबंधक उपस्थित रहे।

## प्रो. मंजुला सर्वश्रेष्ठ हिंदी कहानी 'डॉलर' के लिए सम्मानित

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय साहित्य अकादमी के प्रतिष्ठित साहित्योत्सव-2026 में गढ़वाल विश्वविद्यालय की प्रोफेसर एवं कहानीकार प्रो. मंजुला राणा को हिंदी की सर्वश्रेष्ठ कहानी के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान उनकी चर्चित कहानी डॉलर के लिए प्रदान किया गया। जिसने समकालीन सामाजिक यथार्थ और पारिवारिक संवेदनाओं को अत्यंत मार्मिक ढंग से अभिव्यक्त किया है। यह कहानी वाचन सत्र पद्म भूषण और ज्ञानपीठ से सम्मानित प्रसिद्ध लेखिका डॉ प्रतिभा रॉय के सम्मुख सम्पन्न हुआ। इसी अवसर पर समकालीन कहानीकार प्रो मंजुला राणा ने अपने 'डॉलर' कहानी का वाचन किया जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा। प्रो. मंजुला राणा ने कहा कि यह मेरे लिए सौभाग्य का क्षण है।

## कैबिनेट मंत्री भरत चौधरी ने किया तल्लानागपुर क्षेत्र का भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र रुद्रप्रयाग के अंतर्गत अगस्त्यमुनि विकासखंड के तल्ला नागपुर क्षेत्र का व्यापक भ्रमण कर स्थानीय जनता की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने विभिन्न गांवों में जनप्रतिनिधियों, पार्टी कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया।

अपने दौरे के दौरान मंत्री चौधरी बेला, सौड़ खुरड़ कमेड़ा, गडमिल, चापड़-चोपड़ा, कुरझन, डूंगरी, जोन्दला, सणगु, धारकोट, मदोला, कोठगी और छिनका सहित कई गांवों में पहुंचे। क्षेत्रीय जनता ने



उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने ग्राम पंचायत डूंगरी के लिए 2.44 करोड़ की लागत से निर्मित चोपड़ा-डूंगरी-चापड़ मोटर मार्ग के डामरीकरण कार्य का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह सड़क लंबे समय से क्षेत्रवासियों की प्रमुख मांग रही थी, जिसे अब पूरा कर दिया गया है। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी। मंत्री चौधरी ने बताया कि तल्लानागपुर लिफ्ट पेयजल योजना फेज-2 का कार्य भी शीघ्र पूर्ण होने वाला है, जिससे क्षेत्र में पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान होगा। इसके अलावा कोठगी में 27 करोड़ की लागत से नर्सिंग कॉलेज का निर्माण पूरा हो चुका है और जल्द ही वहां कक्षाओं का संचालन शुरू किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अलकनंदा नदी पर नगरासू-छिनका मोटर पुल का निर्माण कार्य भी जल्द प्रारंभ किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि क्षेत्र के सभी महत्वपूर्ण विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। मंत्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार निरंतर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम कठैत, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत भूषण भट्ट, बद्री-केदार मंदिर समिति के उपाध्यक्ष विजय कपरवान, जिला पंचायत सदस्य जयवर्धन कांडपाल, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत, मंडल अध्यक्ष सुमन बुटोला सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

■ 2.44 करोड़ की लागत से चोपड़ा-डूंगरी मोटरमार्ग का लोकार्पण

## केदारनाथ धाम में फिर बर्फबारी, यात्रा तैयारियां प्रभावित

■ साफ किए गए रास्ते दोबारा बर्फ से ढके, कपाट खुलने से पहले बढ़ी चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** अप्रैल माह की शुरुआत के साथ ही मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम में बीती रात से लगातार बर्फबारी हो रही है, जिससे पूरे क्षेत्र में फिर से बर्फ की मोटी चादर बिछ गई है। हाल ही में जिन रास्तों से बर्फ हटाई गई थी, वे एक बार फिर पूरी तरह बर्फ से ढक गए हैं।

मंदिर परिसर भी पूरी तरह बर्फ से आच्छादित हो गया है। लगातार हो रही बर्फबारी से वहां चल रहे यात्रा तैयारियों के कार्य प्रभावित हो गए हैं। मजदूरों द्वारा की गई कड़ी मेहनत पर मौसम ने पानी फेर दिया है,



जिससे व्यवस्थाओं को फिर से पटरी पर लाने की चुनौती सामने खड़ी हो गई है।

बताया जा रहा है कि इस बार अप्रैल में भी मौसम सामान्य नहीं है और लगातार खराब बना हुआ है। ऐसे में आगामी 22 अप्रैल को प्रस्तावित कपाट खुलने की तिथि को देखते हुए प्रशासन और संबंधित एजेंसियों की चिंताएं बढ़ गई हैं।

बद्री-केदार मंदिर समिति (बीकेटीसी) के सदस्य विनीत पोस्ती ने जानकारी देते हुए बताया कि धाम में कल शाम से ही बर्फबारी जारी है। जिन स्थानों से बर्फ हटाई गई थी, वहां फिर से बर्फ जम गई है, जिससे व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि लगातार बर्फबारी के चलते यात्रा व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से तैयार करने में कठिनाई आ रही है। यदि समय रहते व्यवस्थाएं पूरी नहीं हो पाईं, तो तीर्थ यात्रियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। पोस्ती ने बताया कि धाम में तैनात जवान न केवल सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे हैं, बल्कि बर्फ हटाने के कार्य में भी जुटे हुए हैं। माइनस तापमान में काम करना बेहद चुनौतीपूर्ण है, इसके बावजूद जवान पूरी निष्ठा और हौसले के साथ डटे हुए हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि मौसम साफ होते ही व्यवस्थाओं को तेजी से दुरुस्त किया जाएगा, ताकि यात्रा सुचारू रूप से संचालित हो सके।

## सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी समाज की अमूल्य धरोहर: सजवाण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जिला कलक्ट्रेट सभागार उत्तरकाशी में शनिवार को सेवानिवृत्त राजकीय पेंशनर्स संगठन की एक गरिमामयी बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण ने वरिष्ठजनों के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना।

इस दौरान सजवाण ने अपने संबोधन में कहा कि सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारी एवं शिक्षक समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव और योगदान से ही राज्य एवं समाज का सशक्त निर्माण संभव हुआ



है। पेंशनर्स की सभी जायज मांगों एवं समस्याओं के समाधान के लिए वे सदैव उनके साथ खड़े रहेंगे और हर स्तर पर उनकी आवाज को प्रभावी ढंग से उठाएंगे। बैठक के दौरान संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपनी विभिन्न समस्याएं और मांगें रखीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सूश्री स्वराज विद्वान, संगठन के अध्यक्ष प्रेम सिंह पंवार, सचिव बृषोदर चमोली, मुख्य संरक्षक तेजेंद्र सिंह बिष्ट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नत्थी सिंह रावत, रामकृष्ण नौटियाल, वरिष्ठ नेत्री प्रभावती गौड़, कौरां देवी, मीना देवी, वृंदा पंवार, मीना पंत सहित अनेक सेवानिवृत्त कर्मी उपस्थित रहे।

### कुंभ मेला-2027: कनखल क्षेत्र को संवारने व यातायात प्रबंधन की चुनौतियों के समाधान की कवायद तेज

# मेलाधिकारी एवं अपर मेलाधिकारी ने पैदल भ्रमण कर कनखल क्षेत्र का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कुंभ मेला-2027 की तैयारियों के तहत मेला प्रशासन ने धर्मनगरी हरिद्वार के प्राचीन एवं धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण कनखल क्षेत्र को संवारने का बीड़ा उठाया है। इसके अंतर्गत कनखल क्षेत्र के पौराणिक महत्व के भवनों के साथ-साथ प्राचीन कुओं का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, इस क्षेत्र की संकरी गलियों एवं सड़कों के सुधार को भी मेला प्रशासन ने अपनी प्राथमिकताओं में शामिल किया है।

इस मुहिम को शुरू करने से पहले उसकी चुनौतियों एवं कनखल क्षेत्र की समस्याओं का नजदीक से परखने के लिए मेलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने अपर मेलाधिकारी श्री दयानंद सरस्वती के साथ शनिवार को कनखल क्षेत्र का पैदल भ्रमण किया। आम नागरिकों की तरह बिना किसी लाव-लश्कर के संकरी गलियों में पैदल चलते हुए मेलाधिकारी ने क्षेत्र की विरासत के प्रतीक प्राचीन भवनों, छतरी वाले कुओं सहित धार्मिक स्थलों का निरीक्षण किया।




मेलाधिकारी एवं अपर मेलाधिकारी ने श्रीयंत्र मंदिर से होते हुए सतीघाट, कनखल बाजार, झंडा चौक, पहाड़ी बाजार आदि स्थानों पर जाकर क्षेत्र के निवासियों, दुकानदारों एवं आम लोगों से बातचीत कर उनके सुझावों तथा कुंभ मेला-2027 की तैयारियों को लेकर फीडबैक प्राप्त किया। साथ ही स्थानीय लोगों की समस्याओं को भी जाना। मेलाधिकारी ने कहा कि कनखल के प्राचीन भवन एवं कुएं इस क्षेत्र की अमूल्य धरोहर हैं, जिनका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि कुंभ मेला मद से इस दिशा में विशेष प्रयास किए जाएंगे। कनखल क्षेत्र की संकरी गलियों एवं सड़कों में आवश्यकतानुसार सुधार कर यातायात संचालन एवं आवागमन की चुनौतियों के बेहतर समाधान के लिए भी कारगर कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कनखल क्षेत्र में सड़क सुधार, पौराणिक भवनों एवं कुओं के जीर्णोद्धार के साथ-साथ यातायात प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं की सुदृढ़ व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इससे न केवल श्रद्धालुओं बल्कि स्थानीय निवासियों के जीवन और व्यवसाय के लिए सुविधा सुनिश्चित होगी। मेलाधिकारी ने यह भी कहा कि स्थानीय नागरिकों और व्यवसायियों से मिली फीडबैक मेले की व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होगी। कुंभ मेला जैसे भव्य आयोजन में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुगमता सर्वोपरि होती है, और प्रत्येक निर्णय में इन तीनों पहलुओं को प्राथमिकता दी जा रही है। मेलाधिकारी ने कहा कि कुंभ मेला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह शहर की संरचना, अवसंरचना और सामाजिक व्यवस्था का भी एक व्यापक परीक्षण है। इसलिए इस प्रकार के निरीक्षण और संवाद से योजनाओं को अधिक व्यावहारिक एवं जमीनी परिस्थितियों के अनुरूप बनाया जा सकता है।

# एसएसपी ने दो इंस्पेक्टर व 20 उपनिरीक्षकों के किए तबादले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एसएसपी नवनीत सिंह द्वारा एक बार फिर बड़े स्तर पर पुलिस कर्मियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। जहां इंस्पेक्टर मनोहर भण्डारी को प्रभारी निरीक्षक श्यामपुर से प्रभारी निरीक्षक रानीपुर, इंस्पेक्टर आशुतोष राणा को प्रभारी निरीक्षक रानीपुर से पुलिस कार्यालय, उपनिरीक्षक अजय शाह को पुलिस कार्यालय से एसओ सिडकुल, उपनिरीक्षक नितेश शर्मा को एसओ सिडकुल से एसओ श्यामपुर, उपनिरीक्षक नवीन सिंह को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी रोड़ीबेलवाला, उपनिरीक्षक चरण सिंह को चौकी प्रभारी रोड़ीबेलवाला से चौकी प्रभारी गैस प्लांट, विकास रावत को चौकी प्रभारी गैस प्लांट से एसएसआई कोतवाली सिडकुल, प्रवीण बिष्ट को कोतवाली मंगलौर से चौकी प्रभारी कस्बा बाजार बहादराबाद, अनुज नौटियाल को कोतवाली




बहादराबाद से पुलिस लाइन, विक्रम बिष्ट को कोतवाली पथरी से चौकी प्रभारी सप्तऋषि, बलवीर डोभाल को चौकी प्रभारी सप्तऋषि से पुलिस लाइन, संतोष सेमवाल को कोतवाली पथरी से चौकी प्रभारी चंडीघाट, नवीन चौहान को कोतवाली श्यामपुर से कोतवाली पथरी, ब्रह्मदत्त बिजलवान को चौकी प्रभारी खड़खड़ी से पुलिस लाइन, आशीष नेगी को चौकी प्रभारी मायापुर से चौकी प्रभारी मंडावर, विनय मोहन को चौकी प्रभारी मंडावर से पुलिस लाइन, नितिन बिष्ट को कोतवाली पथरी से चौकी प्रभारी कस्बा चौकी मंगलौर, देवेंद्र चौहान को चौकी प्रभारी अमानतगढ़ से पुलिस लाइन, मनोज कुमार को थाना बुग्गावाला से चौकी प्रभारी अमानतगढ़, नवीन नेगी को चौकी प्रभारी गोवर्धनपुर से चौकी प्रभारी खड़खड़ी, सूरत शर्मा को कोतवाली लक्सर से चौकी प्रभारी गोवर्धनपुर व बालम सिंह को कोतवाली रुड़की से चौकी प्रभारी तेजपुर को भेजा गया है।

# नगर निगम व ज्वालापुर पुलिस ने सब्जी मंडी के बाहर से हटाया अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** नगर आयुक्त नंदन कुमार के निर्देश पर नगर निगम और ज्वालापुर पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार को वार्ड 60 के हरिलोक क्षेत्र में सराय रोड सब्जी मंडी के बाहर सड़क पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस बल की मौजूदगी में चलाए गए अभियान के दौरान सड़क पर लगी करीब 50 ठेली और फेरी वालों को हटाया दिया गया। जबकि 3 ठेलियों को नगर निगम टीम ने जब्त कर लिया। टीम ने क्षेत्र में मुनादी कराकर दोबारा अतिक्रमण ना करने की चेतावनी भी दी। नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक सड़कों पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अतिक्रमण के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान मुख्य सफाई निरीक्षक सुनील कुमार, नगर निगम अतिक्रमण प्रभारी आदित्य तेजेश्वर समेत नगर निगम की टीम और पुलिस विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।



# आयुष मंत्री बनने पर विश्व आयुर्वेद परिषद ने मदन कौशिक का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** विश्व आयुर्वेद परिषद उत्तराखंड इकाई द्वारा शनिवार, 4 अप्रैल 2026 को मदन कौशिक के आयुष एवं आयुष शिक्षा मंत्री बनने पर उनका अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। कार्यक्रम में परिषद के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर मंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर परिषद के प्रांत अध्यक्ष डॉ. उत्तम कुमार शर्मा, प्रांत सचिव डॉ. विपिन कुमार अरोड़ा, हरिद्वार जिला उपाध्यक्ष डॉ. अभिषेक सक्सेना, चिकित्सा प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. सुधीन्द्र शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने मंत्री को आयुर्वेद क्षेत्र के विकास से संबंधित 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। प्रांत अध्यक्ष डॉ. उत्तम कुमार शर्मा ने कहा कि मदन कौशिक के आयुष मंत्री बनने से आयुर्वेद शिक्षकों और चिकित्सकों में नई उम्मीद जगी है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में उत्तराखंड आयुर्वेद चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा और राज्य "आयुष प्रदेश" के रूप में देश-विदेश में पहचान बनाएगा। परिषद द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के विभिन्न परिसरों में आधारभूत सुविधाओं के विकास, शिक्षकों के लंबित वेतन व पदोन्नति, नए स्टाफ की नियुक्ति, पीजी पाठ्यक्रमों के विस्तार, शोधार्थियों को स्टाइपेंड, एनपीए लाभ, प्रत्येक जिले में आयुर्वेद कॉलेज व 100 बेड के चिकित्सालय की स्थापना जैसी मांगें प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके अलावा आयुर्वेद स्नातकों के लिए स्वरोजगार योजनाएं, औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देने और प्रदेश के औषधालयों में रिक्त पदों पर नियुक्तियां करने की भी मांग रखी गई है। परिषद ने उम्मीद जताई कि सरकार इन मांगों पर सकारात्मक कदम उठाकर राज्य में आयुर्वेद चिकित्सा व्यवस्था को मजबूत करेगी।




# मांस की दुकानों को शहर से बाहर करने की कवायद शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ज्वालापुर में संचालित मीट की दुकानों को शहर से बाहर शिफ्ट करने के लिए नगर निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है। 6 अप्रैल को होने वाली नगर निगम बोर्ड की बैठक में ज्वालापुर क्षेत्र में कच्चा मांस बेचने वाली और अवैध रूप से पशु कटान करने वाली दुकानों को नगर निगम क्षेत्र से बाहर शिफ्ट करने के संबंध में प्रस्ताव पेश किया जाएगा। मेयर किरण जैसल ने बताया कि ज्वालापुर के आम लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए यह फैसला किया जा रहा है। कच्चे मांस की दुकानों को ज्वालापुर क्षेत्र से बाहर करने के लिए नगर निगम द्वारा सराय में दुकानों का निर्माण भी कराया गया है। गौतरलब है कि ज्वालापुर क्षेत्र में संचालित मांस की दुकानों को शहर से बाहर करने के संबंध में लंबे समय से मांग उठती रही है। इसको लेकर कुछ संगठनों द्वारा आंदोलन भी किए गए। इसके बाद नगर निगम ने सराय में दुकानों का निर्माण कराने का निर्णय लिया था। दुकानों का निर्माण पूरा होने के बाद अब मांस की सभी दुकानों को सराय में शिफ्ट करने की तैयारी कर ली गयी है। बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पारित होने के बाद सभी दुकानों को सराय में शिफ्ट कर दिया जाएगा।




# पेयजल निगम की टंकी की केबल तार चोरी करने के मामले में नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादराबाद।** कोतवाली बहादराबाद पुलिस ने उत्तराखण्ड पेयजल निगम अतमलपुर बौंगला स्थित उत्तराखंड पेयजल निगम की पानी की टंकी से केबल चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों में एक विधि विवादित किशोर भी शामिल है। आरोपितों के कब्जे से चोरी की गयी केबल व घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा बरामद की गयी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 31 मार्च टंकी के ऑपरेटर योगेन्द्र पाल सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर केबल चोरी करने का आरोप लगाते हुए अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद बहादराबाद कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने जांच पड़ताल करते हुए 3 अप्रैल की रात चेकिंग के दौरान दिलशाद पुत्र शरीफ निवासी राम रहीम कॉलोनी ईदगाह रोड सुभाषनगर ज्वालापुर, शहनवाज पुत्र कासिम निवासी तपोवन नगर सुभाष नगर ज्वालापुर व एक विधि विवादित किशोर को चोरी की गयी लगभग 23 मीटर केबिल तार व घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा के साथ हिरासत में ले लिया। पुलिस टीम में एसआई अमित नौटियाल, कांस्टेबल वीरेन्द्र चौहान, मुकेश नेगी व जयपाल सिंह शामिल रहे।




# अखाड़ा परिषद अध्यक्ष ने की स्वामी रामेश्वरानंद के शीघ्र स्वस्थ्य होने की प्रार्थना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने सन्यास मार्ग स्थित रामेश्वर आश्रम पहुंचकर अस्वस्थ चल रहे महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती का हाल जाना और मां मनसा देवी की चुनरी ओढ़ाकर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती महाराज विद्वान संत हैं और सनातन धर्म संस्कृति के प्रचार प्रसार में निरंतर योगदान कर रहे हैं। गंगा मैय्या और मां मनसा देवी की कृपा से स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती शीघ्र स्वस्थ होकर श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष होने वाले कुंभ मेले में भी स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती प्रमुख भूमिका निभाएंगे। स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती ने श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया और कहा कि अखाड़ा परिषद भारत के संतों की सर्वोच्च संस्था है। अगले वर्ष हरिद्वार में होने वाला कुंभ मेला अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज के नेतृत्व में दिव्य ओर भव्यता के साथ संपन्न होगा। महामंडलेश्वर स्वामी रामानुज सरस्वती, स्वामी नागेंद्र महाराज, स्वामी अनंतानंद गिरी, अमित वालिया, नरेशानंद महाराज ने भी स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

# पंजाब से हरिद्वार पहुंची दमड़ी यात्रा का भीम आर्मी ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के 649वें प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में हरिद्वार की धरती श्रद्धा और भक्ति के रंग में डूबी नजर आई। पंजाब से चलकर आई पारंपरिक 'दमड़ी यात्रा' के हरिद्वार पहुंचने पर शहरवासियों और विभिन्न संगठनों ने इसका भव्य स्वागत किया। इस दौरान भीम आर्मी के प्रदेश प्रभारी सुलेमान बट ने अपनी टीम के साथ यात्रा का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। दमड़ी यात्रा के स्वागत के दौरान श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर रहा। पूरे यात्रा मार्ग में गुरु के भजनों और जयकारों की गूँज सुनाई दी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। जगह-जगह यात्रियों पर पुष्प वर्षा की गई। इस आयोजन में समाज के हर वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और गुरु रविदास महाराज के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



स्वागत समारोह के दौरान भीम आर्मी के प्रदेश प्रभारी सुलेमान बट ने कहा कि गुरु रविदास महाराज के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणापुंज हैं। उन्होंने कहा कि गुरु महाराज ने समाज को समानता, भाईचारे और निस्वार्थ प्रेम का जो संदेश दिया है, वह आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। उनका जीवन हमें जात-पात और ऊंच-नीच के भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता की सेवा करने की सीख देता है। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन न केवल समाज को एकता के सूत्र में पिरोते हैं, बल्कि हमारी नई पीढ़ी को अपने महान संतों के विचारों और गौरवशाली परंपराओं से भी जोड़ते हैं। यात्रा के दौरान स्थानीय प्रशासन और पुलिस व्यवस्था भी मुस्तैद रही ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# पंतदीप पार्किंग में गढ्ढे ठीक कराने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** समाजवादी पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष महंत शुभम गिरी ने पंतदीप पार्किंग में गढ्ढे जल्द भरने की मांग की है। महंत शुभम गिरी ने कहा कि पंतदीप पार्किंग में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। जिससे स्थानीय लोगों और बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पार्किंग के सामने हाईवे पर भारी ट्रैफिक होने की वजह से वाहनों के पार्किंग में प्रवेश और बाहर आने के दौरान दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग को इसका जल्द संज्ञान लेकर गढ्ढो को भरना चाहिए और सड़क को भी ठीक करना चाहिए। जिससे लोगों को हो रही परेशानी दूर हो सके।

# अवैध संबंध छिपाने के लिए पत्नि व नाबालिग बेटी ने की थी बबलू की हत्या

### बबलू आत्महत्या प्रकरण का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कोतवाली श्यामपुर पुलिस और सीआईयू टीम ने बबलू आत्महत्या प्रकरण का खुलासा कर दिया है। जांच में मामला हत्या का निकलने के बाद पुलिस ने मृतक की पत्नि को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उसकी नाबालिग बेटी को भी संरक्षण में ले लिया है। अवैध संबंध छिपाने के लिए पत्नि और नाबालिग बेटी ने ही मिलकर बबलू को मौत के घाट उतारा था। वहीं, मामले में पुलिस पत्नि के कथित प्रेमी और जांच के दौरान प्रकाश में आये एक अन्य व्यक्ति की भूमिका की भी जांच में जुट गई है।

शनिवार को मायापुर स्थित कार्यालय में एसपी सिटी अभय सिंह ने खुलासा करते हुए बताया कि 2 अप्रैल को लाहड़पुर निवासी महिला पूजा ने कोतवाली श्यामपुर पुलिस को सूचना दी कि उसके पति बबलू ने रात में जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पहली नजर में मामला संदिग्ध लगने पर मौके की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी कराने के साथ साक्ष्य इकठ्ठा कर पंचनामा भरने के बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। इसके बाद मृतक के भाई राजू ने भाई की पत्नि, बेटी व एक अन्य व्यक्ति पर गला घोंटकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। जिसके बाद आस पड़ोस के लोगों से जानकारी जुटाई व इलैक्ट्रॉनिक सबूत इकट्ठा करते हुए तथ्यों के आधार पर मृतक के बच्चों से जानकारी की गयी तो मृतक के बेटे ने बताया कि उसकी मां और बहन ने रात में तकिए से मुंह दबाकर पापा की हत्या की है। इसके बाद मृतक की पत्नी व नाबालिक बेटी से पूछताछ की गयी तो उन्होंने बताया कि उनके अन्य लोगों से अवैध संबंध चले आते हैं जिसकी जानकारी बबलू को हो गई थी और बबलू शराब पीकर दोनों के साथ मारपीट करता था। जिससे तंग आकर दोनों ने उसे रास्ते से हटाने का प्लान बनाया। घटना के दिन उन्होंने बबलू को पहले शराब में नीद की दवाई पिलाकर सुला दिया और फिर चारपाई में दुपट्टों से हाथ पैर बांध तकिये से मुंह दबाकर उसकी हत्या कर दी। हत्या छिपाने की नियत से दोनों ने लाश को दूसरे कमरे की चारपाई में शिफ्ट किया और लाश के मुंह में सल्फास का घोल डाल कमरे को बंद कर दिया। अगली सुबह आरोपी पत्नी ने अपने पति के रात में झगड़ा कर कही चले जाने और रात में ही किसी समय आकर जहर खा आत्महत्या करने की कहानी पुलिस को सुनायी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी पत्नी व नाबालिग बेटी की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल मोबाइल फोन, सल्फास का पैकेट, शराब का खाली पाऊच, शराब पीने के लिए प्रयुक्त स्टील का गिलास, घटना में प्रयुक्त दुपट्टे व तकिया बरामद कर लिया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोहर सिंह भण्डारी, अपर उपनिरीक्षक रविन्द्र गौड, सुदेश खरोला, मनमोहन सैनी, महिला कांस्टेबल रेशमा सुल्ताना, माधुरी, चालक मोहन सिंह रावत, महिला होमगार्ड रीना रानी एवं सीआईयू कांस्टेबल वसीम शामिल रहे।



# भगवान शनिदेव की कृपा से दूर होता है साढ़ेसाती का संकट : कौशलपुरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कनखल स्थित काल भैरव मंदिर आशारोड़ी के परमाध्यक्ष महंत कौशलपुरी महाराज ने कहा कि भगवान शनिदेव न्याय के देवता हैं। उनके दर्शन करने मात्र से ही व्यक्ति का जीवन बदल जाता है। शनिवार को मंदिर में दर्शन पूजन करने आए श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए महंत कौशलपुरी महाराज ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में तीन बार साढ़ेसाती आती है। पहली बार बचपन में, दूसरी बार युवावस्था में और तीसरी बार वृद्धावस्था में। उन्होंने कहा कि शनिदेव ही साढ़ेसाती के संकट को दूर करते हैं। न्याय के देवता शनिदेव भगवान बहुत ही कृपालु हैं। श्रद्धापूर्वक उनकी पूजा अर्चना करने से साढ़ेसाती का संकट भी दूर हो जाता है। भगवान शनिदेव की कृपा से जीवन भवसागर से पार हो जाता है। उन्होंने बताया कि अमावस्या की रात में 8 बादाम और काजल की डिबिया को काले कपड़े में बांधकर अपनी तिजोरी में रख लें। ऐसा करने से शनिदेव की कृपा सदैव बनी रहती है और कारोबार में बरकत होती है। महंत कौशलपुरी महाराज ने कहा कि देवताओं के न्यायाधीश शनिदेव की लीला अपरंपार है। शनिदेव की पूजा करने से सकारात्मक फल की प्राप्ति होती है। इसलिए जीवन में सदैव सत्याचरण का पालन करते हुए सद्मार्ग पर चलें। गरीब, असहाय लोगों की मदद करें। नशे से दूर रहें और सात्विक आहार और व्यवहार का पालन करें।

# पतंजलि विवि में आयोजित ताइवान के प्रशिक्षुओं का छह दिवसीय शिविर संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पतंजलि विश्वविद्यालय में आयोजित ताइवान के प्रशिक्षुओं के छह दिवसीय इंटीग्रेटेड योग एवं आयुर्वेद प्रशिक्षण शिविर के समापन पर यज्ञ एवं उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया। सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रशिक्षणार्थियों ने संस्कृत भाषा में योगसूत्र की सुंदर प्रस्तुति दी। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति योग गुरू स्वामी रामदेव ने ताइवान से आए योग प्रशिक्षुओं को भारत की वैदिक परंपराओं एवं उपचार पद्धतियों के बारे में अवगत कराया। साथ ही उन्होंने योग और आयुर्वेद के माध्यम से समग्र विश्व के कल्याण, भारत के महत्व और प्रचार-प्रसार हेतु आशीर्वचन प्रदान किए। शिविर में प्रतिभागियों को योग, ध्यान, प्राणायाम, पंचकर्म, षटकर्म, आयुर्वेदिक आहार-विज्ञान, जीवनशैली सिद्धांत और समग्र स्वास्थ्य विज्ञान का वैज्ञानिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही भगवद्गीता, पतंजलि योगसूत्र, आसन, मुद्रा, बंध और मर्म चिकित्सा के संबंध में भी जानकारी दी गयी। समापन कार्यक्रम में मानविकी एवं प्राच्य विद्या संकाय की अध्यक्ष साध्वी डा.देवप्रिया ने बताया कि योग की भूमिका ध्यान, प्राणायाम, आयुर्वेद, स्वस्थ, संतुलित और जागरूक बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। पतंजलि अपने स्तर पर यह प्रयास करता है कि वेद एवं उपनिषदों के ज्ञान के प्रचार के माध्यम से वर्तमान डिजिटल युग में मानवता की सेवा की जाए। उन्होंने कहा कि यज्ञ के माध्यम से प्रकृति को शुद्ध करना और संतुलित प्राणायाम के द्वारा तंत्रिकाओं को शांत रखना ये सभी सामंजस्यपूर्ण जीवन जीने के अनिवार्य तरीके हैं। प्रतिकुलपति प्रो.मयंक अग्रवाल ने प्रशिक्षुओं को उत्तम भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि डा.प्रो.वी.के. कटियार का ताइवान के साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग एवं कार्यक्रम की संकल्पना के लिए विशेष योगदान रहा। समापन कार्यक्रम में पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा.दीपेश सक्सेना, शिक्षण और शोध संकायाध्यक्ष डा.ऋत्विक सहाय बिसारिया, प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विज्ञान के संकायाध्यक्ष डा.तोरण सिंह, कुलानुशासक स्वामी आर्षदेव, उपकुलसचिव डा.निर्विकार, डा. आरती पाल मौजूद रहे।

शिविर में डा. आरती पाल ने प्रशिक्षण समन्वयक की प्रमुख भूमिका निभाई। शिविर में पतंजलि वेलनेस टीम और पतंजलि विश्वविद्यालय के शिक्षकों का योगदान उल्लेखनीय रहा।

### पुरूष और महिला वर्ग में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

# निरंतर अभ्यास व कड़ी मेहनत करें खिलाड़ी : ओमप्रकाश जमदग्नि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** उत्तराखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में योगस्थली स्पोटर्स स्टेडियम रोशनाबाद में आयोजित राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के दूसरे दिन के मुकाबलों का शुभारंभ मुख्य अतिथी राज्यमंत्री ओमप्रकाश जमदग्नि ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। दूसरे दिन पुरूष वर्ग के मुकाबलों में पिथौरागढ़ के सक्षम ने हिमांशु बोरी को हराकर जीत हासिल की। चंपावत के प्रियांशु वर्मा ने सरोज राणा को शिकस्त दी। काशीपुर के रोहन ने अल्मोड़ा के शिवम अधिकारी को हराकर जीत हासिल की। महिला वर्ग में नैनीताल की गुंजन ने रुद्रपुर की निकिता को हराया। उधम सिंह नगर की सविता ने हल्द्वानी की सुरभिका को हराया। पिथौरागढ़ की कोमल लोहिया ने बागेश्वर की अंजलि को हराकर जीत हासिल की।

खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए राज्य मंत्री ओमप्रकाश जगदंबिनी ने कहा कि खेलों में कैरियर बनाना है तो निरंतर अभ्यास और कड़ी मेहनत करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के खेलों को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों से उत्तराखंड के खिलाड़ी देश दुनिया में उत्तराखंड का नाम रोशन कर रहे हैं। जिला मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष डा.विशाल गर्ग ने कहा कि प्रतियोगिता में खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बॉक्सिंग खेल आत्मरक्षा का भी सशक्त माध्यम है। राज्य में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने की है। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खेलों को बढ़ावा दे रहे हैं। अर्जुन अवार्डी एवं गोल्ड मेडलिस्ट पदम बहादुर, अविनाश भदोरिया, संजय खटाना, लखबीर, सुनीता चौधरी, राकेश चौधरी, दिनेश शर्मा, शिवम त्यागी, सुधीर जोशी, विपिन बलूनी ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया।



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।

**सैफ सलमानी**

ब्यूरो चीफ

**शाह टाइम्स हरिद्वार**

कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार

मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# ओलावृष्टि से चकराता क्षेत्र में भारी नुकसान

■ खेतो और बागानों में खड़ी फसल को पहुंचा भारी नुकसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** क्षेत्र में देर शाम हुई अचानक ओलावृष्टि ने किसानों और बागवानों की मेहनत पर पानी फेर दिया।

कुछ ही मिनटों में हुई तेज ओलों की मार से खेतों और बागानों में खड़ी फसल को भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे ग्रामीणों के चेहरों पर मायूसी छा गई है। बताया जा रहा है कि हाल ही में हुई बारिश से जहां किसानों में अच्छी फसल की उम्मीद जगी थी, वहीं इस ओलावृष्टि ने उन उम्मीदों को झटका दे दिया। मटर के साथ-साथ सेब, खुबानी, आड़ू और प्लम जैसी बागवानी फसलों को सबसे अधिक क्षति पहुंची है। मुंडोई, कचाणू, हिंवाई, सुई खोलरा, रेटाड़ अमराड़, झबराड़, कुनैन और सेंज खरोड़ा सहित कई गांवों में फसलों को व्यापक नुकसान हुआ है। स्थानीय किसान कलम सिंह चौहान, खजान चौहान, नेपाल चौहान, सचिन, विजन सिंह और हुकम सिंह सहित कई बागवानों ने बताया कि ओलों ने उनकी फसलों को बुरी तरह प्रभावित किया है, जिससे आर्थिक नुकसान की चिंता बढ़ गई है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है, ताकि प्रभावित किसानों को राहत मिल सके।

# जौनसार-बावर में बिस्सु पर्व की तैयारियां तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** देहरादून जनपद के जौनसार-बावर क्षेत्र में मनाए जाने वाले प्रमुख लोकपर्व बिस्सु (विशु) पर्व को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में आज मोकाबाग में खत बमटाड़ के 24 गांवों द्वारा आयोजित होने वाले विशु घनियात मेले के संबंध में एक महत्वपूर्ण आम बैठक संपन्न हुई।

बैठक में सर्वसम्मति से कई अहम निर्णय लिए गए। तय किया गया कि आगामी 17 अप्रैल को घनियात में 24 गांवों के पारंपरिक डोल-दमाऊ के साथ लोकनृत्य दल शामिल होंगे, जिससे मेले का माहौल और भी उल्लासपूर्ण बनेगा। इसके साथ ही विशु मेले में मिष्ठान की दुकानें और अन्य व्यापारिक स्टॉल लगाने के लिए स्थानीय लोगों को अनुमति दी गई है, ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पारंपरिक ठोऊडा नृत्य का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए मंदिर की सजावट, पेयजल और सड़क व्यवस्था को सुचारु रूप से सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से मातबर सिंह तोमर (सदर सियाणा खत बमटाड़), बुद्ध सिंह तोमर (खाग सियाणा खत बमटाड़) सहित वीरेंद्र सिंह, अतर सिंह, आनंद सिंह तोमर (पूर्व प्रधान), कलम सिंह, अजब सिंह, नेपाल सिंह, सरदार सिंह, नरेंद्र, जयपाल सिंह, रणवीर तोमर, सूरत सिंह और नेपाल नेगी आदि शामिल रहे। बीससु पर्व जौनसार-बावर की समृद्ध लोकसंस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है, जिसे हर वर्ष बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है।

# जौनसार की प्रतिभा ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

■ आस्था जोशी बनीं लीगल ऑफिसर



**आस्था के पिता चंद्र मोहन जोशी राज्य कर विभाग में अधिकारी हैं। परिवार के सहयोग और अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्प के चलते आस्था ने यह मुकाम हासिल किया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** जौनसार बावर के क्यावा गांव की होनहार बेटी आस्था जोशी ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर बड़ी सफलता हासिल की है। उनका चयन नेशनल इंश्योरेंस कंपनी में प्रशासनिक अधिकारी (लीगल ऑफिसर) के पद पर हुआ है। इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है और लोग उन्हें बधाई दे रहे हैं।

आस्था ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा हरिद्वार स्थित सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल से पूरी की। इसके बाद उन्होंने नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, रायपुर से वर्ष 2024 में बीए-एलएलबी (ऑनर्स) की डिग्री प्राप्त की।

वर्तमान में वे देहरादून में एलएलएम के अंतिम सेमेस्टर की पढ़ाई कर रही हैं। विशेष बात यह रही कि पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने यह प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण कर ली, जो उनके समर्पण और प्रतिभा का परिचायक है।

आस्था के पिता चंद्र मोहन जोशी राज्य कर विभाग में अधिकारी हैं। परिवार के सहयोग और अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्प के चलते आस्था ने यह मुकाम हासिल किया। उनकी सफलता पर क्यावा गांव सहित पूरे जौनसार बावर क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

### पीड़ित परिवार से मिले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल

**देहरादून।** जनपद पौड़ी के विकासखंड पोखड़ा के कोलागाड़ क्षेत्र तहत ग्राम तिमली के भतकोट गांव में गुलदार ने एक मासूम बच्चे को निवाला बनाए जाने से पूरे क्षेत्र में दहशत और शोक का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाया। गोदियाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लगातार सरकार और वन विभाग को पहाड़ी क्षेत्रों में बढ़ते वन्यजीव हमलों को लेकर आगाह करती रही है, इस मौके पर कांग्रेस नेता कबीन्द्र इस्तवाल, पूर्व प्रमुख सुरेन्द्र सिंह रावत, जिला पंचायत सदस्य पूनम कैंत्यूरा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# गढ़वाल संवाद यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** उत्तराखंड क्रांति दल के युवा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित गढ़वाल संवाद यात्रा का शुभारंभ प्रेमनगर से जनसहभागिता के साथ किया गया। यह यात्रा जनसंवाद, जनजागरण एवं प्रदेश के समग्र विकास के संकल्प को समर्पित रही।

प्रेमनगर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र कुक. रेती ने कहा कि आज संपूर्ण उत्तराखंड में परिवर्तन की एक सशक्त, सकारात्मक एवं जनोन्मुखी लहर प्रवाहित हो रही है, जिसका केंद्रबिंदु उत्तराखंड क्रांति दल बन चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य



गठन के 25 वर्षों पश्चात भी प्रदेश की जनता स्वयं को उपेक्षित एवं ठगा हुआ महसूस कर रही है, क्योंकि जिन राष्ट्रीय दलों को जनता ने विश्वासपूर्वक सत्ता सौंपी, वे जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरने में असफल सिद्ध हुए हैं। उन्होंने प्रदेश में बढ़ते अपराध, महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े गंभीर प्रश्नों एवं सामाजिक असंतुलन पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि अब प्रदेश की जनता का राष्ट्रीय दलों से मोहभंग हो चुका है और उनकी आशाएँ, विश्वास एवं आकांक्षाएँ उत्तराखंड क्रांति दल की ओर केंद्रित हो रही हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि दल पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं प्रतिबद्धता के साथ प्रदेशवासियों के अधिकारों, स्वाभिमान एवं सपनों को साकार करने हेतु कार्य करेगा।

इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र कुकरेती ने गढ़वाल संवाद यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष आशीष नेगी एवं उपाध्यक्ष कुलदीप रावत के नेतृत्व में दर्जनों वाहनों के काफिले के रूप में विकासनगर की ओर अग्रसर हुई।

यात्रा का सुद्धोवाला, सहसपुर एवं हरबर्टपुर में पछवादून जिलाध्यक्ष जितेंद्र पंवार के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में केंद्रीय महामंत्री गणेश काला, जिला महामंत्री मायाराम ममगाईं एवं भूपेंद्र सिंह नेगी, पछवादून जिलाध्यक्ष जितेंद्र पंवार, जयकृष्ण सेमवाल, शहर उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बिष्ट, शहर कार्यकारी अध्यक्ष अरविन्द तोमर एवं ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ उनियाल, मीडिया प्रभारी हरीश कुनियाल, मोहिनी नौटियाल, सीमा कुकरेती, भूपेंद्र सिंह नेगी, मायाराम ममगाईं, बिना पंवार, रेखा थपलियाल, कमलेश रावत, चंदन सिंह सजवाण सहित सैकड़ों गणमान्य एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। जनसभा के उपरांत यात्रा चकराता की ओर प्रस्थान कर गई।

## एक नजर .......

### जिला बार एसोसिएशन के चुनाव 10 अप्रैल को होंगे

**नई टिहरी।** जिला बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव 10 अप्रैल को होंगे। इस आशय की जानकारी बार एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी आनंद प्रकाश सेमल्टी एवं सहायक चुनाव अधिकारी अरविंद सिंह खरोला ने दी। चुनाव अधिकारी द्वारा बार एसोशिएशन के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए बताया कि जिला बार एसोसिएशन के विभिन्न पदों के लिए जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, सह सचिव, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं आडिटर के पदों के लिए नामांकन 7 अप्रैल को 11 बजे से 4 बजे सांय तक होंगे। नामांकन पत्रों की जांच 8 अप्रैल को 11 बजे से 1 बजे दिन तक होगी तथा 9 अप्रैल को 1 बजे से 4 बजे सांय तक नाम वापसी का समय तय किया गया है। सभी पदों पर 10 अप्रैल को 11 बजे से सांय 3 बजे तक मतदान होगा और उसी दिन 3,30 बजे के बाद मतगणना व चुनाव परिणामों की घोषणा होगी। चुनाव अधिकारी आनंद प्रकाश सेमल्टी ने बताया कि जिला बार एसोशिएशन के संपूर्ण चुनाव कार्यक्रम बार कौंसिल नैनीताल को भेज दिया है ताकि बार कौंसिल इस चुनाव में पर्यवेक्षक नियुक्त करेगी।

### पाल सिंह बने उत्तरकाशी जिला प्रधान संघ के अध्यक्ष

**ब्रह्मखाल /उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी के प्रधान संघ अध्यक्षों के बैनरतले जिला प्रधान संघ का चुनाव सम्पन्न हुआ। डुंडा के प्रधान संघ के अध्यक्ष कृपाल सिंह को सर्वसम्मति से जिला प्रधान संघ का अध्यक्ष चुना गया। भटवाडी प्रधान संघ के अध्यक्ष अजीतपाल सिंह पंवार ने कृपाल सिंह के नाम का प्रस्ताव रखा जवकि मोरी के कैलास डिमरी ने इस प्रस्ताव का अनुमोदन किया। चिन्यालीसौड के अकवीर सिंह राणा और पुरोला के प्रधान संघ अध्यक्ष त्रिलोक बिजल्वाण ने कृपाल को अपना समर्थन दिया। नव निर्वाचित अध्यक्ष कृपाल ने बताया कि सीघ्र ही जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया जायेगा और प्रधानो के ग्राम पंचायतो मे जो हमारे प्रधानो की समस्याये है उनके समाधान के लिये सडक से सदन तक हम सब मिलकर संघर्ष करेगे। उन्होने कहा कि आनलाइन हाजरी सबसे बडी समस्या हमारे प्रधानो के समक्ष है और इसका समाधान हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी। इस दौरान प्रधान द्रवेश विजल्वाण, ममराज राणा, गिरीराज रावत, अनिल भंडारी, जितेन्द्र पोखरियाल, जितेन्द्र कैंतुरा आदि लोग उपस्थित रहे।

# जेबीआईटी में दो दिवसीय एनसीआरआईईटीएस 2026 संपन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** जेबीआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में आयोजित दो दिवसीय 'एनसीआरआईईटीएस 2026' के समापन पर तकनीकी शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में एक नई पहचान स्थापित की। समापन सत्र में देश के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों और वैज्ञानिकों ने अपने विचार साझा किए।



यूकॉस्ट के निदेशक जनरल प्रो. दुर्गेश पंत ने कहा कि बहुविषयक अनुसंधान ही भारत को विकसित भारत 2047 के लक्ष्य तक पहुंचान का सबसे सशक्त मार्ग है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि अनुसंधान और नवाचार को समाज की वास्तविक आवश्यकताओं से जोड़ना ही शिक्षा का मूल उद्देश्य होना चाहिए। आईआईआरएस के निदेशक डा. आरपी सिंह ने अंतरिक्ष और रिमोट सेंसिंग तकनीकों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आने वाले समय में ये तकनीकें भारत की वैज्ञानिक प्रगति की रीढ़ साबित होंगी। मैकेनिकल एवं इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग आईआईटी रूड़की के विभागाध्यक्ष प्रो. डा. अक्षय द्विवेदी ने उद्योग और अकाद. मिक जगत के बीच सार्थक सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। कहा कि तकनीकी शिक्षा तभी प्रभावी होगी जब उसे उद्योग की वास्तविक चुनौतियों से जोड़ा जाए। सम्मेलन में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, आईआईटी रोपड़ के प्रो. डा. सीसी रेड्डी, यूटीओ के रजिस्ट्रार डा. राजेश उपाध्याय, द इंस्टीटयूशन ऑफ इंजीनियर्स के चेयरमैन सीपी शर्मा ने भी अपने विचार रखे। सम्मेलन में देशभर से आए 245 शोधकर्ताओं ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए।

# ढुंगमदार क्षेत्र में दो माह से बाधित है रसोई गैस आपूर्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** विकासखंड जाखणीधार के अंतर्गत दूरस्थ क्षेत्र ढुंग-मंदार में पिछले करीब दो माह से रसोई गैस सिलेंडरों की आपूर्ति बाधित है।

इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य विजयपाल रावत ने जिला पूर्ति अधिकारी टिहरी मनोज कुमार डोभाल को पत्र के माध्यम से अवगत कराया और शीघ्र आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है।

डीएसओ को भेजे पत्र में उन्होंने बताया कि घनसाली स्थित इंडेन गैस एजेंसी की ओर से क्षेत्र में लंबे समय से गैस सिलेंडरों का वितरण नहीं किया जा रहा है। जिसके चलते उपभोक्ताओं को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। विशेष रूप से महिलाएं, बुजुर्ग और छोटे बच्चों वाले परिवार सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

गैस आपूर्ति ठप होने के कारण कई परिवारों को मजबूरी में लकड़ी और अन्य पारंपरिक ईंधनों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे न केवल समय की बर्बादी हो रही है, बल्कि स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

विजयपाल रावत ने जिला पूर्ति अधिकारी से मांग की है कि मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित गैस एजेंसी को निर्देशित किया जाए, ताकि क्षेत्र में गैस सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित हो सके और लोगों को राहत मिल सके।

# धर्म नगरी प्रस्ताव की अनदेखी पर बड़ाहाट नगरपालिका घिरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी ।** नगरपालिका परिषद बड़ाहाट में पारित "धर्म नगरी" प्रस्ताव के बावजूद नियमों के पालन में कथित लापरवाही को लेकर नगरपालिका प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस संबंध में सभासद अमरीकन पुरी ने प्रशासन की कार्यशैली पर कड़ी आपत्ति जताई है। बता दें कि उत्तरकशी को धर्म नगरी" घोषित करने का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में क्षेत्र की जनभावनाओं एवं काशी की पौराणिक परंपरा को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत किया गया था, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। प्रस्ताव के पारित होने के बाद नगरपालिका प्रशासन की जिम्मेदारी थी कि वह संबंधित नियमों एवं प्रावधानों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करे। सभासद अमरीकन पुरी का कहना है कि मांस एवं बूचड़ व्यवसाय से संबंधित दुकानों को जारी छ्ब्ब (अनापत्ति प्रमाण पत्र) की अवधि 31 मार्च 2026 को समाप्त हो चुकी है। नियमानुसार, इस अवधि के पश्चात इन दुकानों को तत्काल प्रभाव से बंद या सील किया जाना चाहिए था। शनिवार तक भी कई स्थानों पर मांस विक्रय केंद्र खुले पाए गए और उनका संचालन जारी रहा, जो नियमों की स्पष्ट अनदेखी को दर्शाता है। उन्होंने इसे "धर्म नगरी" प्रस्ताव की भावना के विप. रीत बताते हुए प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आगे कहा कि नगरपालिका परिषद बड़ाहाट के अधिशासी अधिकारी एवं संबंधित कर्मचारियों की यह जिम्मेदारी है कि वे नियमों का पालन सुनिश्चित कराएं। निर्धारित समयसीमा के बाद भी कार्रवाई न होना प्रशास. निक उदासीनता को दर्शाता है। स्थानीय लोगों में भी इस मुद्दे को लेकर चर्चा तेज हो गई है और वे प्रशासन से स्पष्ट एवं त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। सभासद ने अपेक्षा जताई है कि नगरपालिका प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आवश्यक कदम उठाएगा, ताकि "धर्म नगरी" प्रस्ताव की गरिमा बनी रहे और जनभावनाओं का सम्मान हो सके।

# हेरवाल गांव में शिक्षा निकेतन के विकास को आगे आए ग्रामीण

■ विधायक नेगी ने की विद्यालय फर्नीचर उपलब्ध कराने की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** हेरवाल गांव स्थित श्री त्रिदंडी देव जियर स्वामी नि:शुल्क शिक्षा निकेतन के विकास के लिए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने सहयोग का हाथ बढ़ाया है। विधायक विक्रम सिंह नेगी ने विद्यालय में बच्चों के बैठने की बेहतर व्यवस्था के लिए फर्नीचर उपलब्ध कराने की घोषणा की है। इसके अलावा जिपं सदस्य विजय रविंद्र पंवार ने विद्यालय को कंप्यूटर सिस्टम, प्रिंटर सहित देने की घोषणा की, जबकि प्रमुख प्रतापनगर मनीषा पंवार ने बच्चों के लिए खेल-कूद सामग्री उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। विद्यालय श्रीश्री 1008 स्वामी जगतगुरु गोविंदाचार्य के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है।

विद्यालय के प्रबंधक देवी सिंह पंवार ने जानकारी देते हुए बताया कि जनप्रतिनिधियों के इस सहयोग से बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा मिलेगा और उनमें खेल-कूद के प्रति रुचि भी बढ़ेगी। विद्यालय प्रबंधन समिति, अभिभावकों व समस्त विद्यालय परिवार ने सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ का धरना जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ की 27 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। जनपद टिहरी में लोनिवि निरीक्षण भवन टिहरी में महासंघ के सदस्यों का धरना-प्रदर्शन शनिवार को 13वें दिन भी जारी रहा।

आंदोलन का असर अब आवश्यक सेवाओं पर भी पड़ने लगा है। जल संस्थान व पेयजल निगम के कर्मचारी भी विभिन्न शाखाओं में धरने में शामिल हो रहे हैं। इसके साथ ही चारधाम यात्रा की तैयारियां, हाट मिक्स कार्य, रिंग रोड



■ 27 सूत्रीय मांगो को लेकर 13 दिन से धरना प्रदर्शन कर रहे है अभियन्ता

के लिए भूमि अधिग्रहण समेत कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर असर देखने को मिल रहा हैं। महासंघ की ओर से प्रथम और द्वितीय चरण के आंदोलन के बाद 23 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की गई थी, जो अभी तक जारी है।

शनिवार को आयोजित धरना-प्रदर्शन में सरकार और शासन के प्रति रोष व्यक्त किया गया। धरने की अध्यक्षता सुरेंद्र सिंह तनवर ने की, जबकि संचालन नितिन लेखवार की ओर से किया गया। इस दौरान शाखा सचिव आशीष मित्तल, जनपद सचिव राजेंद्र सोढ़ी, मंडल अध्यक्ष लघु सिंचाई अंकित कुमार सैनी, मंडल उपाध्यक्ष ग्रामीण निर्माण विभाग स्वाति चौहान, जनपद अध्यक्ष लघु सिंचाई दुर्गेश कुमार,आरती तोपवाल आदि मौजूद रहे।

# आम जनमानस तक पहुंचायी जा रही गैस, जिले में सामान्य है आपूर्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल के निर्देशों के अनुपालन में गैस एजेंसियों एवं पूर्ति विभाग आपसी समन्वय के साथ गैस वितरण की आपूर्ति को आम जन-मानस तक पहुंचाने का कार्य कर रही है।उन्होंने कहा जनपद में घरेलू एलपीजी गैस की प्राप्ति एवं वितरण की स्थिति सामान्य बनी हुई है।



जिला पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार डोभाल ने बताया कि जनपद टिहरी गढ़वाल में घरेलू एलपीजी की प्राप्ति एवं वितरण की स्थिति सामान्य बनी हुई है। जनपद में सेवा प्रदान करने वाली गैस एजेंसियों को कुल 2834 घरेलू एलपीजी सिलेण्डर प्राप्त हुए, जबकि एजेंसियों द्वारा 2854 सिलेण्डरों का वितरण उपभोक्ताओं को किया गया। वितरण के पश्चात एजेंसियों के पास 4373 सिलेण्डर स्टॉक में उपलब्ध हैं।

जनपद के पाली, भाली, गजा, भदूरा, पण्डरगांव, मरगांव, लम्बगांव, नौघर सहित अन्य क्षेत्रों में नियमित रूप से गैस सिलेण्डरों का वितरण किया गया। व्यावसायिक एलपीजी के संबंध में जनपद को 212 सिलेण्डर प्रतिदिन का आवंटन प्राप्त हुआ है, जिसके अनुसार एजेंसीवार एवं श्रेणीवार वितरण सुनिश्चित किया गया है। विगत दिवस 19 किलोग्राम श्रेणी के 144 सिलेण्डर प्राप्त हुए, जिनमें से 65 सिलेण्डर वितरित किए गए। एलपीजी आपूर्ति एवं वितरण की निगरानी हेतु गठित त्वरित प्रतिक्रिया दल (फत्ज) द्वारा निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। अब तक गैस गोदाम, पेट्रोल पंप, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं होटलों के 475 निरीक्षण किए जा चुके हैं, जिनमें 14 घरेलू सिलेण्डरों की जब्ती की कार्यवाही की गई।जनपद मुख्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम में अब तक 87 शिकायतें दर्ज हुई हैं, जिनका निरंतर समाधान किया जा रहा है।उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे केवल आवश्यकतानुसार ही गैस बुकिंग करें तथा सिलेण्डर को होम डिलीवरी अथवा प्वाइंट डिलीवरी के माध्यम से प्राप्त करें। एजेंसियों में अनावश्यक भीड़, लाइन लगाने से बचें। साथ ही जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने गैस कनेक्शन की ई-केवाईसी नहीं कराई है, वे शीघ्र अपनी संबंधित एजेंसी में संपर्क कर यह प्रक्रिया पूर्ण करें। किसी भी प्रकार की शिकायतकृजैसे कालाबाजारी, दुरुपयोग, अवैध भंडारण या ओवररेटिंगकृके "लिए उपभोक्ता जनपद कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर पर जानकारी दें।

### नकोट क्षेत्र में बढता जा रहा भालू का आतंक

**नई टिहरी।** थौलधार क्षेत्र के नकोट सुल्याधार इलाके में भालू का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को प्रतापनगर विधायक विक्रम नेगी अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना बीते गुरुवार को सुल्याधार में एक भालू ने वन विभाग के कर्मचारी और ग्राम प्रधान पर हमला कर तीन लोगों गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिनका उपचार जिला अस्पताल बौराड़ी में चल रहा है। विधायक विक्रम नेगी अस्पताल पहुंचने हालचाल जानने के बाद चिकित्सकों से उपचार की जानक. ारी लेते हुए घायलों को हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। नकोट क्षेत्र सुल्याधार में पिछले कुछ समय से भालू का लगातार खतरा बना हुआ है।

# उत्तरकाशी : एलपीजी सिलेंडर को लेकर हाहाकार

■ बारिश में भी छाता तानकर लाइन में खड़े उपभोक्ता

उत्तरकाशी। जिला मुख्यालय में रसोई गैस सिलेंडरों की किल्लत को लेकर उपभोक्ताओं की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। शनिवार देर सायं रामलीला मैदान में गैस सिलेंडर प्राप्त करने के लिए बड़ी संख्या में लोग झमाझम बारिश के बीच छाता तानकर घंटों कतार में खड़े नजर आए। गैस सिलेंडर की गाड़ी के आने को लेकर कोई स्पष्ट सूचना नहीं होने के बावजूद उपभोक्ता देर रात तक इंतजार करते दिखे।

स्थिति यह रही कि महिलाएं, बुजुर्ग और युवा सभी बारिश की परवाह किए बिना अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। प्रशासन की ओर से जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने प्रेस नोट जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे, लेकिन जमीनी स्तर पर इन आदेशों का असर न के बराबर दिखाई दे रहा है। गैस वितरण की अव्यवस्थित व्यवस्था और समय पर आपूर्ति न होने के कारण लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गैस एजेंसियों द्वारा सही सूचना नहीं दी जा रही है, जिससे उन्हें बार-बार परेशान होना पड़ रहा है। कई उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि गैस वितरण व्यवस्था को सुचारु किया जाए और निश्चित समय पर सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएं, ताकि इस प्रकार की अव्यवस्था और परेशानी से राहत मिल सके। वहीं शुक्रवार रात्रि को भी उत्तरकशी के जोशियाडा में भी देर रात्रि तक उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लगी रहीं।

रात के एक बजे पुलिस ने टोकन देकर मैदान को खाली करवा। जिससे स्थानीय लोगों में रसोई गैस सिलेंडर को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। इधर जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने बताया कि उपभोक्ताओं को पैनिक होने की आवश्यकता नहीं जिनकी बुि. कंग हुई है उन्हें प्राथमिकता के आधार पर गेंस वितरण के निर्देश दिए गये है। उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए रात्रि के समय सिलेंडर वितरण नहीं होता है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि रात्रि के समय सिलेंडर को लेकर अनावश्यक लाईन न लगाएं।

